Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

## सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

## हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३१ अंक-३-४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ फरवरी- २८ फरवरी २०२३ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्य:२० रु.मात्र + डाक खर्च (रंगीन सहित)



# कर्तव्य पथ पर पहली बार निकली गणतंत्र दिवस परेड

पसूका/नई दिल्ली: पहली बार ७४वां गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड व झांकियां निकलीं। इस बार की गणतंत्र दिवस परेड की खास बात यह रही कि परेड में शामिल थलसेना के सारे हथियार स्वदेशी थे। वहीं इस बार परेड में ४५ हजार लोग शामिल हुए।

कोरोना से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में करीब सवा लाख लोग शामिल होते थे, वहीं कोरोना के दौरान करीब २५ हजार लोग शामिल हुए। इसके लिए करीब १२ हजार पास बांटे गए और करीब ३२ टिकट ऑनलाइन बिके। परेड की सलामी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के ७४वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाओं के लिए दुनिया के नेताओं और नगरीकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा की इस बार का यह अवसर इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इसे हम आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मना रहे हैं। देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए हम एकजुट होकर आगे बढ़ें, यही कामना है। समारोह के विशेष अतिथि मिस्र अरब गणराज्य के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी रहे। परेड हर साल की तरह विजय पथ से लाल किले तक निकली। इस बार दर्शकों के बैठने के लिए अलग तरह के इंतजाम थे। वर्टिकल प्लेटफॉर्म पर कुर्सियां लगाई गई थीं ताकि पीछे बैठे लोग भी आसानी से परेड देख सकें।

# प्रदेशवासी नए यूपी को स्थापित करने में निभाएं भूमिका-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./संवा: ७४वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास ५ कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज उत्तर प्रदेश बेहतरीन कानून व्यवस्था, दंगा मुक्त प्रदेश के रूप में अपने आपको स्थापित करने में सफल हुआ है। इसका परिणाम उत्तर प्रदेश को निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में मिली पहचान है। आज पूरी दुनिया प्रदेश की तरफ आशावादी निगाहों से देख रही है। अब हमें भ्रष्टाचार के खिलाफ भी उसी तर्ज पर काम करना है, जैसे कानून व्यवस्था को स्थापित किया गया है। भारत ने ७५ वर्ष में बहुत लंबी दूरी तय की है। यह पर्व और त्योहार हमको चिंतन और मनन करने का अवसर प्रदान करता है। पूरे प्रदेशवासियों से अपील है कि वो अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक करें। शासन की योजनाओं को प्रदेशवासियों तक पहुंचाने में मदद करें। एक नए यूपी को देश और दुनिया के सामने स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान को आगे बढ़ाएं। देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद और किसी भी प्रकार की मत व मजहब विभाजन जैसी विकृति मानसिकता को दूर करना है। विगत वर्षों में इसमें काफी हद तक सफलता प्राप्त हुई है।



# बजट-२०२३ से पूरा होगा हर वर्ग का सपना -पीएम मोदी



प.सू.का/नई दिल्ली : बजट २०२३ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत तेजी से बदलते भारत में मध्यम वर्ग, विकास हो या व्यवस्था हो, साहस हो या संकल्प लेने का सामर्थ्य को जीवन के हर क्षेत्र में आज भारत का माध्यम वर्ग एक प्रमुख धारा बना हुआ है। समृद्ध और विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए मध्यम वर्ग एक बहुत बड़ी ताकत है। जैसे भारत की युवा शक्ति ये भारत का विशेष सामर्थ्य है, वैसे ही बढ़ता हुआ भारत का माध्यम वर्ग भी एक बहुत बड़ी शक्ति है। मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार ने बीते वर्षों में अनेकों निर्णय लिए और Ease of Living को सुनिश्चित किया है। हमने टैक्स रेट को कम किया है, साथ ही प्रॉसेस को simplify transparent और फास्ट किया है। हमेशा मध्यम वर्ग के साथ खड़ी रहने वाली हमारी सरकार ने मध्यम वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना इन विश्वकर्माओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ये बजट, सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनेगा। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। सरकार ने को-अ परेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। बजट में नए प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, हम मिलेट्स (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। इसलिए बजट में इसके लिए बड़ी योजना बनाई गई है। इससे हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उन्हें फायदे मिलेंगे और देश को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार ने स्टोरेज कैपेसिटी (भंडारण क्षमता) को बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है। अब हमें कृषि सेक्टर में डिजिटल पेमेंट की सफलता को दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना लेकर आए हैं।उन्होंने कहा, गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के ‘सेल्फ हेल्प ग्रुप’ भारत में बड़ी जगह अपने लिए ले चुका है। इन्हें संबल देने के लिए नई पहल बजट में शामिल की गई है। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है। उन्होंने आगे कहा, ष्बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोन मी पर बहुत जोर दिया है। ‘डिजिटल भारत’ आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। २०१४ की तुलना में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश में ४०० फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ‘अमृत काल का पहला बजट श्विकसित भारतश के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। वर्ष २०१४ की तुलना में इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश पर ४००% से ज्यादा की वृद्धि की गई है। इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर १० लाख करोड़ का अभूतपूर्व निवेश होगा।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# बेहतर लिनन सेवा की उपलब्धता पर आधारित कार्यशाला आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों में उपलब्ध कराए जाने वाले लिनन पर यात्रियों द्वारा दाग-धब्बे आदि से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यात्रियों को और बेहतर लिनन सेवा उपलब्ध कराने हेतु कई कदम उठाए गए हैं । इसके साथ ही शू-पॉलिस, खाद्य सामग्री एवं खून के दाग-धब्बों को कम समय में बेहतर ढंग से साफ करने हेतु लिनन स्वच्छता पर पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के संबंधित कर्मियों के मध्य अंतर्मडलीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध करायी जाने वाली लिनन सेवाओं में और सुधार हेतु पिछले दिनों दानापुर स्थित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री में ‘क्लीन लिनन’ पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला के दौरान रेलवे लॉन्ड्री द्वारा उपयोग की जाने वाली लिनन वॉशिंग प्रक्रिया, मशीनरी और रसायनों पर एक प्रस्तुति दी गई। लिनन सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए कर्मचारियों के बीच वन-टू-वन इंट्रॉक्शन भी कराया गया । जिसमें खून के धब्बे हटाने की प्रतियोगिता में धनबाद मंडल ने प्रथम पुरस्कार, खाद्य सामग्री एवं जूता पॉलिश के दाग हटाने की प्रतियोगिता में समस्तीपुर मंडल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत सभी विजेताओं ने बाकी प्रतिभागियों को दाग हटाने की अपनी प्रक्रिया और इस्तेमाल किए गए रसायनों के बारे में व्यावहारिक रूप से करके अवगत कराया ।

# झाँसी मंडल द्वारा वैगन लदान में उल्लेखनीय प्रदर्शन

रे.स.ब्यू./सूत्र । झाँसी मंडल द्वारा माल लदान एवं राजस्व अर्जन के साथ राजस्व में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। जिसके अंतर्गत मंडल द्वारा वैगन लदान में दिनांक २६.०१.२३ को ६६१ वैगन लोड किये गए , यह एक दिन का सर्वोत्तम प्रदर्शन के बराबर है पिछला श्रेष्ठ प्रदर्शन ६६१ वैगन दिनांक २८.०२.२२ को रिकॉर्ड किया गया था, इससे पूर्व का रिकॉर्ड प्रदर्शन ६६६ वैगंस का रहा जी की दिनांक २७.०६.२२ को दर्ज हुआ था मंडल प्रशासन ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रेल कर्मियों को बधाई दी और बेहतर करने हेतु प्रोत्साहित किया। यह उपलब्धि इस संदर्भ में और अधिक उल्लेखनीय हो जाती है कि इस मंडल रेल के परिधि में रेलवे की माल लदान में मुख्यतः योगदान करने वाले प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला या लौह अयस्क आदि नहीं पाये जाते हैं।





माघ मेला 2023 के प्रमुख स्नान पर्वों पर नैनी जं. पर प्रवेश व्यवस्था

| दिशा | प्रवेश द्वार | यात्री आश्रय सं. एवं रंग |
|---|---|---|
| मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन की ओर | 1 हरा एवं लाल रंग | 1 एवं हरा रंग |
| सतना, जबलपुर स्टेशन की ओर | | 3 एवं लाल रंग |
| आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | 2 सफेद रंग | --- |
| फतेहपुर, कानपुर की ओर | 3 नीला रंग | 4 एवं नीला रंग |
| विन्ध्याचल, मिर्जापुर पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. की ओर | 4 बैगनी रंग | 5 एवं बैगनी रंग |

माघ मेला 2023 के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर दिशावार मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन हेतु निर्धारित स्टेशन

| दिशा | स्टेशन |
|---|---|
| मेजा रोड, माण्डा रोड, विन्ध्याचल, मिर्जापुर, चुनार एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं. नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर एवं कानपुर आदि स्टेशन की ओर | प्रयागराज जं. |
| शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, सतना आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज जं., नैनी जं. तथा प्रयागराज छिवकी |
| फूलपुर, जौनपुर, लालगंज, अमेठी, प्रतापगढ़, ऊँचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या आदि स्टेशनों की ओर | प्रयाग एवं फाफामऊ स्टेशन |
| भदोही, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, मऊ, बलिया, भटनी गोरखपुर आदि स्टेशनों की ओर | प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशन |

आवश्यक सूचना: माघ मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु संगम क्षेत्र में त्रिवेणी रोड पर भी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंन्टर खोले गये हैं। जिनसे यात्री टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी — मास्क नहीं तो टिकट नहीं

गतिशीलता ही हमारी पहचान

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# बजट में रेलवे की सूरत बदलने को मिली २.४० लाख करोड़ रुपये की राशि




प.सू.का/नई दिल्लीः जन साधारण की भलाई और कल्याण के लिए सरकार के पारदर्शी तथा जवाबदेह प्रशासन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने ०१ फरवरी, २०२३ को संसद में केन्द्रीय बजट २०२३-२४ पेश किया। इस दौरान उन्होंने रेल बजट के लिए कई अहम घोषणाएं की। वित्त मंत्री ने रेलवे के लिए २.४० लाख करोड़ आवंटित किए हैं। इसके साथ ही रेलवे द्वारा अगस्त २०२३ तक ७५ वंदे भारत ट्रेनों को शुरू करने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण २०२२-२३ के अनुसार, भारतीय रेलवे ने बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय में प्रभावशाली वृद्धि देखी है। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए संसद में कहा था कि यह अमृत काल का पहला बजट है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सही दिशा में चल रही है और सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। वित्तमंत्री ने रेलवे में नई योजनाओं के लिए ७५ हजार करोड़ की घोषणा की है। इससे पहले लोकसभा में पिछले साल २०२२-२३ में रेलवे के कायापलट के लिए १.४ लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। इस बार के आम बजट में रेलवे सेक्टर के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि आवंटित की गई गई है। इससे पहले साल २०२२-२३ के लिए १.४ लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा कि रेलवे के लिए यह बजट आवंटन २०१३ की तुलना में नौ गुना अधिक है। बजट में रोलिंग स्टॉक बजट में लगभग डेढ़ सौ फीसदी का इजाफा किया गया है। हालांकि इस लक्ष्य को हासिल करने में रेलवे को दिक्कतों का सामना करना होगा। ट्रैक रिन्यूअल में भी १२ फीसदी का इजाफा किया गया है। लेकिन रेलवे को अगर १६० किमी की गति से वंदे भारत ट्रेनें चलानी है, तो ट्रैक में काफी इनपुट डालना होगा। १२ फीसदी का ये इजाफा अगर महंगाई के साथ एडजस्ट करेंगे, तो इससे रेलवे को भविष्य में कोई भी फायदा नहीं मिलेगा। भारतीय रेलवे ने कहा कि मेट्रो स्टेशनों को रेलवे स्टेशन के साथ जोड़ा जाए। ये एक अच्छी शुरुआत है। लेकिन इस बारे में बजट में कोई विस्तृत नीति कोई नजर नहीं आई है। जबकि दूसरी तरफ रेलवे बड़े पैमाने पर रेलवे स्टेशनों के रीडेवलपमेंट का काम कर रहा हैं, लेकिन बजट में उसका आवंटन भी नजर नहीं आ रहा है। हालांकि, सरकार ने कोई नई ट्रेन चलाने को लेकर इस बजट में घोषणा नहीं की है। वित्त मंत्री ने कहा कि रेल में सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ती उम्मीदों के साथ रेलवे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, हमसफर और तेजस जैसी प्रमुख ट्रेनों के १,००० से ज्यादा कोच के नवीनीकरण की योजना बना रहा है। इन कोच के आंतरिक हिस्सों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा और यात्रियों के आराम के हिसाब से इसमें सुधार किया जाएगा। आम बजट में इस बार उम्मीद जताई जा रही थी कि मोदी सरकार के आखिरी पूर्ण बजट में नई ट्रेनों व नए रेलवे ट्रैक को लेकर भी अहम घोषणा हो सकती है, लेकिन वित्त मंत्री ने इसे लेकर कोई एलान नहीं किया है। रेलवे में निजी निवेश को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। पिछली बार वित्त मंत्री ने ३ सालों में ४०० नई वंदे भारत ट्रेनों के शुरु करने की घोषणा की थी। इसके अलावा पिछले रेल बजट के एलान के दौरान वित्तमंत्री ने राष्ट्रीय रेल योजना २०३० की भी घोषणा की थी। इस योजना के तहत रेलवे के विकास के लिए प्लान तैयार किया गया था। हालांकि, इस बार के बजट के जरिए पिछली बार हुई घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। रेलवे का ये बजट नई वंदे भारत ट्रेनों, रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण और अन्य प्रमुख परियोजनाओं को पूरा करने में मदद करेगा। इसके अलावा सरकार ने रेलवे में नई योजनाओं के लिए ७५ हजार करोड़ की घोषणा की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में बताया कि रेलवे में २.४० लाख करोड़ का पूंजीगत प्रावधान किया गया है। यह अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। यह २०१३-१४ में दिए गए आवंटन से नौ गुना ज्यादा है। वित्तीय वर्ष २०२२-२३ के बजट के मुकाबले इस बार रेलवे के पूंजीगत व्यय में ६५.६ फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्री ने बताया कि साल २०१३ के मुकाबले रेल बजट में नौ गुना की बढ़ोतरी हुई है। रेलवे इस बजट से नए रेलवे ट्रैक, वैगन, ट्रेनें, रेलवे का विद्युतीकरण, सिग्नल आदि के काम पर खर्च करेगी। रेल मंत्रालय २०२३ में सभी रेलवे लाइनों के विद्युतीकरण करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। साथ ही दो हजार किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेल मंत्रालय ने बजट में ढाई लाख करोड़ रुपए का बजट आवंटित करने की मांग की थी। साल २०१४ तक देश में रेलवे का पूंजीगत व्यय करीब ४५,६८० करोड़ रुपए सालाना था। अब देशभर में रेलवे के कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं, यही वजह है कि इस बार के बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय में अच्छी खासी बढ़ोतरी की गई है। अगले तीन सालों में देश में ४०० नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा। यह केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है। ऐसे में मौजूदा बजट में भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन पर फोकस किया जाएगा। यह आधुनिक ट्रेन १८० किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ सकती है। भारत की महत्वकांक्षी सिवोक-रांगपो ब्रॉडगेज रेल लाइन का काम पचास फीसदी पूरा हो चुका है। यह प्रोजेक्ट सिक्किम को देश के बाकी रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। पश्चिम बंगाल के सिवोक से सिक्किम के रांगपो के बीच बनाई जा रही इस रेल लाइन की लंबाई ४४.६६ किलोमीटर है। इनमें से ४१ किलोमीटर रेल लाइन पश्चिम बंगाल में और बाकी की करीब ३ किलोमीटर रेल लाइन सिक्किम में बनाई जा रही है। बजट में खाद्यान्न और बंदरगाहों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया है। ५० अतिरिक्त एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एयरोड्रोम का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा सकता है। वित्त वर्ष २०२२-२३ का आम व रेलवे बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि रेलवे १०० गति शक्ति कार्गो टर्मिनल भी बनाएगा। अगले तीन सालों में इनका निर्माण होगा।

वित्त मंत्री ने पिछले बजट में रेलवे, छोटे किसानों और छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए परिवहन ढांचा विकसित करने का एलान किया था। एक स्टेशन, एक उत्पाद योजना के तहत स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने का एलान भी हुआ था।



## प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित



रे.स.ब्यू./संवा प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के बिजली विभाग में रेल सप्ताह पुरस्कार प्रदान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर सतीश कोठारी द्वारा विभिन्न श्रेणी के १४५ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु वर्ष २०२१-२२ के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य बिजली लोको इंजीनियर हरि मोहन शर्मा, बी.के पाण्डेय, मुख्य चलशक्ति इंजीनियर (डीजल) एवं बिजली विभाग मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर, सतीश कोठारी द्वारा उत्तर मध्य रेलवे में बिजली विभाग के द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कार्यस्थल पर गुणवत्ता एवं रेल संरक्षा पर बल दिया तथा पुरस्कृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसे सर्वोपरि बनाये रखने हेतु मार्गदर्शन देते हुये बधाई दी।

## सम्पादकीय

# चुनौतियों पर नजर

बीजेपी ने राजधानी दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में जिस तरह का जोश और जितना आत्मविश्वास दिखाया, उसे स्वाभाविक ही कहा जा सकता है। पार्टी की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब न केवल २०२४ के लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, बल्कि उससे पहले नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें से पांच राज्यों में बीजेपी या तो अकेली या सहयोगी दलों के साथ सरकार में है। विधानसभा चुनावों का जो हालिया राउंड हुआ, उसमें कोई दो राय नहीं कि गुजरात में पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक फीसदी की जो कसर रह गई, उसने विपक्ष (कांग्रेस) के पस्त हो जाने और बीजेपी के अपराजेय होने का वह नैरेटिव नहीं बनने दिया, जिसकी बीजेपी समर्थक उम्मीद कर रहे थे। ऐसे में अब और जरूरी हो गया है कि उस कसर की भरपाई पार्टी नेतृत्व कार्यकर्ताओं के जोश और उनके मनोबल को कई गुना बढ़ाकर करे। आश्चर्य नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि २०२३-२४ में पार्टी एक भी चुनाव ना हारे। गौर करने की बात यह भी है कि उनका यह आह्वान सिर्फ शाब्दिक नहीं है। संगठन को मजबूती देने का मोर्चा ऐसा है, जिस पर बीजेपी ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है। इस बार भी पार्टी अध्यक्ष की यह घोषणा मायने रखती है कि बीजेपी ने कमजोर पाए गए बूथों को मजबूत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए लक्ष्य से आगे बढ़कर लगभग १.३० लाख बूथों तक पहुंच बना ली। जाहिर है, बीजेपी इन तथ्यों को संज्ञान में न लेने की गलती नहीं कर सकती। वैसे, इन सबके बावजूद इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बीजेपी ने दुनिया में देश का इकबाल बुलंद करने का अपना मुख्य नैरेटिव काफी हद तक बनाए रखा है।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया ७४वां गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में राष्ट्र का ७४वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उल्लास, जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। दिनांकः२६ जनवरी २०२२ को, कार्यक्रम का प्रारंभ महाप्रबंधक सतीश कुमार द्वारा झंडा फहराने के साथ हुई। इस अवसर पर, महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल, भारत स्काउट और गाइड और सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए २३ रेलवे कर्मियों को सम्मानित भी किया। ७४ वें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वाले रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों में सुनीता सिंह, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक , शिखा, महिला पर्यवेक्षक, विक्रमजीत पटेल , मुख्य नियंत्रण , जितेन्द्र कुमार, एसएसई , मनीष कुमार, एसएसई/झाँसी, बिपिन बिहारी, कनिष्ठ अभियंता सिग्नल, शुभम कुमार कनिष्ठ अभियंता/ डीजल यांत्रिक, विरेंद्र सिंह यादव, स्टेशन अधीक्षक, सुलेमान खान, वरि. टेक्नीशियन, प्रतिज्ञा प्रकाश, की-मैन, अनुज पटेल, ट्रैकमैन-IV/ ललितपुर, उमाशंकर ट्रैकमैन-III/ चित्रकूट, रोहित कुमार, ट्रैक मेन्टेनर IV/ ग्वालियर, जगत राम राजपूत, लोको पायलट पैसेंजर ध्वांदा, अभिषेक जॉन, विधुत सिग्नल मेन्टेनर, राजेंद्र सिंह, ट्रैकमैन- X मथुरा, हरफूल मीना, सहायक लोको पायलट, वीनेश कुमार मीना, टेक्नीशियन III, रवि कुमार सहायक (कर्षण वितरण), सुमित कुमार सिंह, कार्य प्रबंधक, हेमंत चौबे, टेक्नीशियन, अनिल दिनकर, वरिष्ठ टेक्नीशियन, सुमंत कुमार, वरिष्ठ टेक्नीशियन/अलीगढ़ शामिल थे।

इस अवसर पर सतीश कुमार ने गणतंत्र दिवस के बैनर के साथ तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़े। समारोह के दौरान, महाप्रबंधक ने हमारे महान राष्ट्र को ७४वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पुरस्कार समारोह के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआद्य इसमें देश भक्ति गीत "है प्रीत जहाँ की रीत सदा" रंजीत गुप्ता, संदीप कुमार, रमाशंकर यादव, आकाश कुमार द्वारा, सुश्री मंजू जोशी के निर्देशन में स्काउट एवं गाइड द्वारा तथा चंचल गुप्ता के निर्देशन में टेंडरफीट के बच्चों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए।





गणतंत्र दिवस स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान का स्मरण कराने के साथ ही हमें संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है।
गणतंत्र की मूल भावना के अनुरूप आज पूरा देश माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में **'एक भारत - श्रेष्ठ भारत'** एवं **'आत्मनिर्भर भारत'** की संरचना के लिए कृत संकल्पित है। **जी-20** में ग्लोबल लीडर्स के स्वागत के लिए तैयार उत्तर प्रदेश रोजगार के नए द्वार खोलने के लिए **'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023'** का आयोजन कर रहा है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, निवेश फ्रेंडली नीतियों और प्रचुर संसाधनों से युक्त यह प्रदेश निवेशकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा गंतव्य स्थल बन चुका है।
'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प के साथ समस्त प्रदेशवासियों को **गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**
**जय हिन्द!**

**- योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया ५७वें पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन का उदघाटन




पसूका/नई दिल्लीः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में ५७वें पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक सम्मेलन का दिनांकः २०.०१.२०२३ को उदघाटन किया। सम्मेलन में सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक तथा CAPFs के प्रमुख भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्तरों के लगभग ६०० अधिकारी वर्चुअल तरीके से देश के अलग-अलग राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों से शामिल हो रहे हैं। गृहमंत्री ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन का उल्लेख करते हुए, वर्ष २०४७ तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और वर्ष २०२५ तक ५ ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने पर बल दिया। जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्व एवं वामपंथी उग्रवाद के संदर्भ में सुरक्षा उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अमित शाह ने अगले १० वर्षों की चुनौतियों से निपटने का खाका प्रस्तुत किया।

उन्होने कहा कि पुलिस के क्षमता निर्माण को और अधिक उन्नत करने, क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा डिजिटल पब्लिक गुड्स को सुरक्षित रखने के लिए अलग नजरिया अपनाने की जरूरत है।

गृह मंत्री ने कहा कि नार्को-तस्करी, हवाला तथा अर्बन पुलिसिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र एवं राज्यों के बीच और बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। सम्मेलन के पहले दिन अनेक विषयों पर चर्चा हुई जिनमें नेपाल और म्यांमार से लगती भू-सीमा, तय अवधि से अधिक समय तक रुकने वाले विदेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने तथा माओवादियों के गढ़ को निशाना बनाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। देश का शीर्ष पुलिस नेतृत्व, अगले दो दिनों के दौरान, विशेषज्ञों, फील्ड में कार्यरत अधिकारियों तथा अकादमिक जगत के विद्वानों के साथ उभरती सुरक्षा चुनौतियों एवं भावी उपायों पर चर्चा करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने अधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक तथा देश के तीन सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों को ट्रॉफी प्रदान की।

## केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में Karl Storz Germany High Definition Laparoscopy set का उद्घाटन



रे.स.ब्यू./सूत्रः प्रयागराज। केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ.जे.पी.रावत द्वारा विश्वस्तरीय **Karl Storz Germany High Definition Laparoscopy set** का उद्घाटन दिनांक ०४.०१.२०२३ को डॉ. संजीव कुमार हाण्डू चिकित्सा निदेशक केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज, डॉ. राकेश निगम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रयागराज की उपस्थिति में किया गया। यह उत्तर मध्य रेलवे और प्रयागराज शहर में अपने तरह की अग्रणी मशीन है जो शहर के कुछ अस्पतालों में ही उपलब्ध है। इस लैप्रोस्कोपी सेट द्वारा जटिल ऑपरेशनो का संचालन अति सुगमता पूर्वक किया जा सकता है। जिससे मरीज को बहुत कम समय के लिये अस्पताल में भर्ती होना पड़ेगा, इस मशीन द्वारा दुरबीन विधि से होने वाली सभी प्रकार की सर्जरी से उत्तर मध्य रेलवे के मरीजों को फायदा होगा और इसके लिये कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर ऑनरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट एंव मेडिकल क लेज के विभागाध्यक्ष डॉ. शबी अहमद मौजूद थे जिन्होने सफलता पूर्वक लैप्रोस्कोपिक सेट का परीक्षण किया। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार (वरिष्ठ सर्जन) वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज, डॉ. आलोक कुमार यादव (ओ टी इंचार्ज), डॉ. उसैद, नर्सिंग अधिक्षक मंजू देवी सोनकर आदि मौजूद थे।

## मौनी अमावस्या पर दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। मौनी अमावस्या पर भक्ति के बहाव में भावों के सारे तटबंध टूट गए। हर तरफ भक्ति का सागर हिलोरें मारता रहा। न ठिठुरन को जोर चला, न बारिश ही आस्था के कदमों को डिगा सकी। चार बजे भोर में गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती के संगम पर कपड़े रखने तक की जगह नहीं बची। संगम हो या गंगा के घाट या फिर पांटून पुलों पर बढ़ता कारवां। मिलते, बिछड़ते एक-दूसरे का हाथ पकड़े श्रद्धालु संगम पर पहुंचते रहे। देर शाम तक मेला प्रशासन ने २.०६ करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का दावा किया। इस दौरान संगम पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर योगी आदित्यनाथ सरकार ने स्नान पर्व की भव्यता में चार चांद लगा दिया।घाटों पर मनौतियां मानने वाले ढोल-ताशे के साथ डुबकी लगाने पहुंचे। पुण्य की डुबकी लगाने के लिए लाखों श्रद्धालुओं के रेला के बीच संगम समेत काली, त्रिवेणी और मोरी मार्गो पर बने स्नान घाट और पांटून पुलों पर रेला चलता रहा।

कड़ाके की ठंड के बावजूद आधी रात से ही १७ घाटों पर मौन डुबकी की होड़ मच गई।

## संसदीय कार्य मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



पसूका/नई दिल्लीः केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री, प्रल्हाद जोशी की अध्यक्षता में दिनांकः १८.०१.२०२३ को संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अर्जुन राम मेघवाल, संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री भी उपस्थित थे । हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्यों में मनोज कुमार तिवारी, संसद सदस्य (लोक सभा) और डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, संसद सदस्य (राज्य सभा) के अलावा गैर सरकारी सदस्यों, डॉ. अरुणाकर पाण्डेय, प्रो. टी.आर. भट्ट, डॉ. हरेन्द्र सिंह, एन. ललिता, डॉ. भाई परमजीत सिंह ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान समिति की दिनांक ७ अप्रैल, २०२२ को हुई बैठक के कार्यवृत्त के मुद्दों पर की गई कार्रवाई पर विचार-विमर्श किया गया।

सदस्यों ने संसदीय कार्य मंत्रालय के कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से बैठक में गुडे श्रीनिवास, सचिव, डॉ. सत्य प्रकाश, अपर सचिव, धीरेन्द्र चौबे, उप सचिव, अजय कुमार झा, उप सचिव और ए.बी. आचार्या, उप सचिव ने तथा राजभाषा विभाग की ओर से राकेश दुबे, निदेशक ने भाग लिया।

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री, प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री, अर्जुनराम मेघवाल ने मंत्रालय के कामकाज मे हिन्दी के प्रयोग को और बढ़ावा देने के बारे मे विचार रखे और सदस्यों के सुझावों पर अपेक्षित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



# गरिमा के साथ मनाया गया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मे ७४वां गणतंत्र दिवस



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर - दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय सहित सभी मंडलों पर ७४वां गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा व पारंपरिक रूप से २६ जनवरी २०२३ को मनाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय एन.ई. इंस्टीट्यूट मैदान पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे उपस्थित में हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि आलोक कुमार, महाप्रबंधक द्वारा मुख्य सुरक्षा आयुक्त की अगुवाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । तद्उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल के जवानों, सिविल डिफेंस के कार्यकर्ताओं, सेन्ट जॉन्स एम्बुलेंस, एन.सी.सी. एवं स्काउट एण्ड् गाईड के टुपों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार ने अपने सम्बोधन में ७४वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि १६६ वर्षो से भी अधिक समय से भारतीय रेलवे ने निरंतर देश की एकता, अखंडता तथा जन सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश की गति, प्रगति, उन्नति तथा समृद्धि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एक महत्वपूर्ण सहभागी रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनों में से एक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक १७० मिलियन टन से अधिक की लोडिंग कर ली गई है।यह सब आप सभी रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से ही संभव हो सका है। इसमें आपके परिवारजनों का भी सहयोग शामिल है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से मध्य भारत की पहली और देश की ६वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ बिलासपुर - नागपुर के बीच ११ दिसंबर २०२२ को किया गया। बेहतर यात्री सुविधा के साथ हम अपनी सेवाओं को लगातार उन्नत कर रहें हैं। जुलाई २०२२ में यूटीएस मोबाइल एप द्वारा जनरल टिकटों की बुकिंग के प्रारम्भ होने से यात्रियों को घर बैठे टिकट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। टिकट चेकिंग में हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस के उपयोग से खाली बर्थ अगले स्टेशन पर स्वयं कनफर्म हो जाती है जिससे बर्थ की उपलब्धता बढ़ी है। डिजिटल अपराध की चुनौती से निपटने के लिए उन्नत तकनीकी युक्त साइबर सेल का गठन किया गया। बढ़ते हुए ट्रैफिक व भविष्य में अधिक सुविधा प्रदान करने हेतु आधारभूत संरचना के कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान हमारी रेलवे में अब तक १५२ किलोमीटर नई रेल लाइन, ३४ रूट किलो मीटर विद्युतीकरण व ८६ रूट किलो मीटर ऑटोसिग्नलिंग के निर्माण को पूरा कर लिया है। मानव संसाधन किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत सभी फ्रंटलाइन स्टाफ को ट्रेनिंग दी गई। रेलकर्मी तथा उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए रेलवे होस्पिटल्स को निरंतर उन्नत किया जा रहा है। सेंट्रल हॉस्पिटल के हाई डिपेनडेंसी वार्ड तथा माइनर ऑपरेशन थियेटर को रेनोवेट किया गया, जनरल वार्ड में एयर कंडीशनर लगाए गए, पैथोल जी लैब के लिए उन्नत उपकरण प्रोक्योर किए गए। किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस की व्यवस्था की गई ।

४६ कैंसर मरीजों को इनहाउस कीमोथैरेपी दी गई। आपातकालीन स्थिति के दौरान मरीजो को आसानी से रक्त उपलब्ध कराने हेतु हॉस्पिटल परिसर में ब्लड स्टोरेज सेंटर की शुरुआत की गई। इस समारोह में बच्चों के लिए फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था ।

इस अवसर पर आरपीएफ के जवानों द्वारा बाइक शो द्वारा हैरतअंगेज करतब के साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं अन्य देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये ।

## संरक्षा के सजग प्रहरियों का महाप्रबंधक, आलोक कुमार ने किया सम्मान



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह की शुरुआत में आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में दिनांक ०३ जनवरी २०२२ को बिलासपुर एवं रायपुर मंडल में कार्यरत संरक्षा कोटि के ०२ रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया । पुरस्कृत कर्मचारियों में बिलासपुर रेल मंडल के अमित कुमार, सहायक लोको पायलट गाड़ी संख्या १५२३१ (बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस) में कार्यरत थे। अमलाई- अनुपपुर के मध्य अचानक अलार्म चेन पुलिंग हो जाने पर पता चला कि अलार्म चेन पुलिंग हुआ बी३ कोच रेलवे ब्रिज के ऊपर खड़ी थी तथा उपयुक्त रास्ता नही होने की वजह से अलार्म चेन पुलिंग को रिसेट करने में काफी कठिनाई थी ।

सहायक लोको पायलट ने विषम परिस्थियों में नीचे अत्यंत गहरी खाई की परवाह न करते हुए अलार्म चौन पुलिंग को रिसेट करने की कोशिश की, सफल न होने पर कपलिंग के रास्ते नीचे घुसकर अलार्म चेन पुलिंग को रिसेट किया। इस प्रकार अमित कुमार, सहायक लोको पायलट ने अपनी सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए संरक्षा को सुनिश्चित किया ।

## झाँसी रेल मंडल मे ७४ वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



रे.स.ब्यू./सूत्र झाँसी रेल मंडल मे राष्ट्र के ७४वें गणतन्त्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिनांक २६.०१.२३ को कार्यक्रम का शुभारम्भ आशुतोष मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी द्वारा राष्ट्रगान के साथ राष्ट्र ध्वज फहराये जाने से हुआ।

इसके उपरान्त आशुतोष द्वारा रेल सुरक्षा बल द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई तदुपरान्त महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन कर संबोधित करते हुए क्षेत्रीय तथा मंडल रेल की प्रगति व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। परेड में आर पी एफ स्टाफ, डॉग स्क्वायड, डीजल स्टाफ, चेकिंग स्टाफ, गार्ड तथा लोको पायलट, मेडीकल स्टाफ, सी एण्ड डब्ल्यू स्टाफ, इंजीनियरिंग स्टाफ सहित भारत स्काउटॉव गाइड ने हिस्सा लिया । परेड पदर्शन के बाद रेल सुरक्षा बल के जवान, संरक्षा विभाग की नुक्कड़ नाटक टीम, रेलवे के स्कूली बच्चों के साथ ही रेल कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम नए सभी का मन मोह लिया, जिसमें देश भक्ति नृत्य, नुक्कड नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन शामिल रहा ।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन रेणु गौतम, अन्य सदस्यायों द्वारा तिरेंगे गुब्बारे आकाश में छोडे गये।

मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को रु.५० हजार नकद पुरस्कार स्वरुप भेंट करने की घोषणा की कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्फ्रा) विवेक मिश्र तथा अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) आर डी मौर्य, गणतंत्र दिवस समारोह समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन रेनू गौतम, उपाध्यक्षा अनीता मौर्य, कोषाध्यक्ष गौरी यादव, मोनिका गोयल, पूनम तलरेजा, डॉ. शशिनाथ, स्वाति चौरसिया, सारिका तिवारी, अंकिता, फरहत, सुमन शर्मा सहित संगठन की अन्य सदस्याएं, सभी विभागाध्यक्ष एवं रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा शक्ति भारत की विकास यात्रा की प्रेरक शक्ति है-पीएम मोदी



पसूका/नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में दिनांकः २८.०१.२०२३ को वार्षिक राष्ट्रीय कैडेट कोर-एनसीसी पीएम रैली को संबोधित किया। इस वर्ष एनसीसी अपनी स्थापना का ७५वां वर्ष मना रहा है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के ७५ सफल वर्षो के उपलक्ष्य में एक विशेष डे कवर और ७५ रुपये मूल्यवर्ग का विशेष रूप से ढाला हुआ एक स्मारक सिक्का जारी किया। कन्याकुमारी से दिल्ली-एकता की मशाल को प्रधानमंत्री को सौंप कर करियप्पा मैदान में प्रज्वलित की गई। रैली को दिन और रात के हाइब्रिड कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया और इसमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विषय पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल किया गया था। वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भारतीय भावना में, १६ अन्य देशों के १९६ अधिकारियों और कैडेट्स को समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और एनसीसी दोनों इस वर्ष अपनी ७५ वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन लोगों के प्रयासों की प्रशंसा की जिन्होंने एनसीसी का नेतृत्व करके और इसका हिस्सा बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने कैडेट्स से कहा कि एनसीसी कैडेट और राष्ट्र के युवा दोनों के रूप में वे देश की 'अमृत पीढ़ी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आने वाले २५ वर्षो में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और एक 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने ६० दिनों तक रोजाना ५० किलोमीटर की दूरी तय करके कन्याकुमारी से दिल्ली तक का सफर पूरा करने के लिए एकता की मशाल के लिए कैडेट्स की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस मशाल और शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस परेड में एनसीसी कैडेट्स के भाग लेने का जिक्र करते हुए पहली बार कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड की विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रीय समर स्मारक, पुलिस स्मारक, लाल किले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस संग्रहालय,प्रधानमंत्री संग्रहालय, सरदार पटेल संग्रहालय और डॉ. भीम राव अंबेडकर संग्रहालय जैसे स्थानों का दौरा करने का भी सुझाव दिया ताकि वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन प्राप्त कर सकें। प्रधानमंत्री ने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि यह केवल भारत का अमृत काल नहीं है, बल्कि भारत के युवाओं का अमृत काल है और जब राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के १०० वर्ष मनाएगा, तो वे युवा ही होंगे जो सफलताओं के शिखर पर होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अंत में कहा, हमें कोई अवसर नहीं गंवाना चाहिए और भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। केंद्रीय रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह, एनसीसी के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान, थल सेना अध्यक्ष, जनरल मनोज पांडे, नौ सेना अध्यक्ष, एडमिरल आर हरिकुमार, वायु सेना अध्यक्ष और रक्षा सचिव गिरधर अरमाने इस अवसर पर उपस्थित थे।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## नरकटियागंज-अमोलवा रेलखंड का संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा किया गया निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र। हाजीपुरः संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता सुवोमोय मित्र द्वारा दिनांक २०.०१.२०२३ को १२ किमी लंबे नरकटियागंज -अमोलवा के बीच नव आमान परिवर्तित रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पहले चरण में संरक्षा आयुक्त द्वारा मोटर ट्रॉली से नरकटियागंज से अमोलवा तक निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत स्पेशल ट्रेन द्वारा नरकटियागंज से अमोलवा तक १२० किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। विदित हो कि २६४ किमी लंबे जयनगर-दरभंगा- सीतामढ़ी-नरकटियागंज-भिखानाटोरी आमान परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत अब तक विभिन्न चरणों में जयनगर से नरकटियागंज तक २६० किलोमीटर रेलखंड का आमान परिवर्तन का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। शेष बचे ३५ किमी परियोजना में से १२ किमी लंबे नरकटियागंज से अमोलवा तक सीआरएस द्वारा सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया।

अमोलवा से गौनाहा तक आमान परिवर्तन का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## बानमौर–मुरैना नव विद्युतिकृत एवं तिहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्रः प्रधान मुख्य बिजली इंजिनीयर उत्तर मध्य रेलवे सतीश कोठारी द्वारा झाँसी मंडल के बानमौर – मुरैना रेलखंड का तीसरी लाइन के विद्युतीकरण कार्य का दिनांकः २०.०१.२३ को निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिजली, कर्षण से जुड़े सभी इंस्टालेशन खम्बे, OHE सहित सभी उपकरणों को आवश्यकतानुसार संचालित करते हुए विशेष रूप से परख की गयी। सांक स्टेशन स्थित ट्रैक्शन सब स्टेशन (कर्षण उप केंद्र) का भी सघन जायजा लिया।सभी संस्थापनों के कार्य गुणवत्ता की परख उपरान्त उक्त रेल खंड पर निरीक्षण विशेष गाडी से १२० किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से विद्युत इंजन द्वारा स्पीड ट्रायल भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से आए अधिकारियों के साथ झाँसी मंडल से अपर मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार मिश्र, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टी आर डी) मयंक शांडिल्य सहित अन्य अधिकारी व स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण से पूर्णतः संतुष्ट होने पर उक्त रेलखंड संचालन हेतु उपलब्ध हो जायेगा। जिससे रेलों का पारागमन को अत्यधिक सुगमता तथा गति मिलेगी।

## Highest ever 121 Turbo Clutch Assemblies supplied by BLW to the Zonal Railways

SOURCE/CPRO: BLW, Varanasi has supplied 121 TURBO CLUTCH ASSEMBLIES (TCA's) in the month of Jan- 2023 to Zonal Railways, which is the highest ever supply. In Jan 2019, 114 Turbo Clutch Assemblies were supplied.

This has helped Zonal Railways to maintain their HHP locos, which were otherwise lying ineffective for want of Clutch Assemblies. This will help in increasing the revenue of Railways by improving availability of HHP Locos for freight operations during peak loading season.

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व मध्य रेल में गणतंत्र दिवस




रे.स.ब्यू./सूत्रःहाजीपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में दिनांक २६.०१.२३ को गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी। स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों ने भी राष्ट्रीय धुन बजाकर राष्ट्रीय ध्वज की सलामी दी। इसके उपरांत उन्होंने रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । उन्होंने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। महाप्रबंधक अनुपम शर्मा तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगइन की अध्यक्षा भारती शर्मा एवं उच्चाधिकारियों द्वारा आजादी के प्रतीकात्मक स्वरूप गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया ।इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे । पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती शर्मा सहित संगठन की अन्य सदस्यायें भी गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित थीं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम नौ महीनों में पूर्व मध्य रेल को कुल १६ हजार ६३५ करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में २२ प्रतिशत एवं रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये लक्ष्य से ४ प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में दिसम्बर माह तक हमने १३२ मिलियन टन माल ढुलाई की है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में १० प्रतिशत अधिक है। स्क्रैप बिक्री के क्षेत्र में २०२२-२३ हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा दिये गये २४० करोड़ रुपये का लक्ष्य जनवरी माह में ही प्राप्त कर लिया गया है । सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत द्वारा ६५५ कोचों का POH किया गया, जो लक्ष्य से २१ प्रतिशत अधिक है । इस दौरान ८०६ वैगनों का ROH भी किया गया, जो विगत वर्ष की तुलना में ६६ प्रतिशत अधिक है । आधारभूत संरचनाओं के विकास पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में अबतक १५७ किमी दोहरीकरण, ४१ किमी आमान परिवर्तन तथा ४५ किमी नई लाईन सहित कुल २४३ किमी का निर्माण कार्य पूरा किया गया। चालू वित्तीय वर्ष में कुल १०५ रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया गया है। २६ किमी लंबे सिद्धवर-सांकी नई रेल लाईन का निर्माण कार्य पूरा हो जाने से २०२ किमी लंबे कोडरमा-रांची नई रेल लाईन परियोजना पूर्ण हो गया है। इसके बन जाने से पटना से रांची की दूरी में ४० किमी की कमी आई है जिससे यात्रियों के आवागमन एवं कोयले की ढुलाई में समय की काफी बचत होगी। यात्री सुविधा पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक ०५ जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ, ०८ जोड़ी ट्रेनों का परिचालन विस्तार किया गया । यात्रियों की सुविधा हेतु चालू वित्तीय वर्ष में अब तक ०५ लिफ्ट एवं ०२ Escalator, १६ स्टेशनों पर FOB, २३ प्लेटफार्मों का उच्चीकरण एवं ०८ प्लेटफार्मों का विस्तारीकरण किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक ०६ स्टेशनों पर ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड एवं कोच इंडिकेशन बोर्ड, १० स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली एवं ०६ स्टेशनों पर कंप्यूटीकृत उद्घोषणा प्रणाली लगाये गये हैं। स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्री सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुजफ्फरपुर एवं गया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा १० अन्य स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत् किया गया है ।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की छमाही बैठक संपन्न हुई



साभारः वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय सिंह की अध्यक्षता में बिलासपुर स्थित केंद्रीय कार्यालयों, बैंको, उपक्रमों एवं निगमों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों के साथ दिनांकः ३०.०१.२०२३ को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दूसरी छमाही बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोनल सभाकक्ष में संपन्न हुई । इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उपाध्यक्ष/नराकास अमिताव चौधरी ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का विशेष अभिनंदन किया। इस छमाही बैठक में बिलासपुर नगर कार्यालयों के कुल ४२ सदस्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित हुए। गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित कार्यसूची के अनुसार बैठक में विस्तार से मदवार चर्चा हुई । बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ने कहा कि यह समिति हमें ऐसा मंच प्रदान करती है जिसके माध्यम से हम विभिन्न कार्यालयों में हो रहे हिंदी प्रयोग की चर्चा करते हैं. इससे हम एक-दूसरे की कार्यशैली से परिचित होते हैं. इसमें हमारा यह भी ध्येय होता है कि हम सरकारी कामकाज में सहज एवं सरल हिंदी का प्रयोग कर सकें ताकि हमारे ग्राहकों को लाभ मिल सके । हमें ध्यान रखना है कि हिंदी में वार्तालाप के साथ-साथ लिखित रूप में भी इसका अधिकाधिक प्रयोग करें. सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि छमाही हेतु निर्धारित प्रारूप का कार्यालय अच्छी तरह अध्ययन करें ताकि रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की विसंगतियां न रहे, आंकड़ों का मिलान ठीक से हो. केवल इतना ही नहीं भारतीय संविधान में दिये गये प्रावधान के अनुरूप हिंदी को गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिए सतत प्रयास करें । हिंदी को बढ़ावा देना हम सभी का संवैधानिक दायित्व है । बैठक की शुरूआत करते हुए अपने स्वागत भाषण में उपाध्यक्ष/नराकास ने कहा कि यह बैठक हम सभी के लिए खास है क्योंकि विगत बैठकें ऑनलाइन आयोजित की गई और इस बैठक में आप सभी से पुनः प्रत्यक्ष भेंट करने का अवसर प्राप्त हुआ । उन्होंने आगे कहा कि विगत छमाही की तुलना में अच्छी प्रगति हुई है, तथापि कुछेक मदों में सभी कार्यालयों से सहयोग अपेक्षित है। राजभाषा संसदीय समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रश्नावली से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विगत १० जनवरी २०२३ को एक सम्मेलन के दौरान प्रश्नावली पर व्याख्यान आयोजित किया गया था। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि वे सुनिश्चित करें कि अपने कार्यालय के प्रवीणता प्राप्त कार्मिकों को शतप्रतिशत कार्य करने के लिए व्यक्तिशरू आदेश जारी किये जाएं तथा कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों से न्यूनतम अस्सी प्रतिशत तक हिंदी में कार्य करवाने के निर्देश जारी किये जाएं । बैठक में बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन के निदेशक डॉ. ए. वेणुगोपाल ने अपने कार्यालय में हो रहे उत्कृष्ट राजभाषा प्रयोग एवं उन्हें इस क्षेत्र में प्राप्त विभिन्न पुरस्कारों के संबंध में जानकारी दी।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255 ए चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं. 51097.90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

# भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 'श्री जगन्नाथ यात्रा' को दिल्ली से हरी झंडी दिखाई गई



पसूका/नई दिल्लीः भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 'श्री जगन्नाथ यात्रा' को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से दिनांकः २५.०१.२०२३ को रेल और संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और पर्यटन, संस्कृति एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ अनिल कुमार लाहोटी, पर्यटन सचिव अरविंद सिंह, विभिन्न मंत्रालयों और आईआर सीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

रेल मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम आईआरसीटीसी लिमिटेड इस ट्रेन को चला रहा है। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन ने ५२८ पर्यटकों के साथ अपने विशेष भ्रमण श्री जगन्नाथ यात्रा की शुरूआत की, जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उड़ीसा के कुछ बहुत ही प्रमुख तीर्थ और विरासत स्थलों की यात्रा कराती है।

तीर्थयात्रियों के सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना करते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि आठ ऐसे तीर्थ सर्किट पहले ही चालू हो चुके हैं, जिससे श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में पर्यटन स्थल हैं और प्रधानमंत्री लोगों तक आसान पहुंच, उपयुक्त सुविधाएं और उचित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मंत्रालय का मार्गदर्शन कर रहे हैं जिसके स्थलों का सही तरीके से उपयोग किया जा सके।




# भारतीय रेलवे एवं भारतीय डाक सेवा के संयुक्त प्रयास से जनता के लिए लायी गयी है विशेष योजना

रे.स.ब्यू./सूत्रःप्रयागराज। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना रेल पोस्ट गति-शक्ति एक्सप्रेस सेवा की शुरूआत जल्द ही प्रयागराज मंडल में की जा रही है।

अब ग्राहकों के द्वारा बुक किये गये पार्सल को डोर टू डोर डिलीवर किया जायेगा। ग्राहकों को गाड़ी से अपना सामान बाहर भेजने और उसे प्राप्त करने के लिए अब रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बल्कि वह पार्सल घर तक पहुंच जाएगा। कोरोना महामारी के दौरान रेलवे ने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया। जरूरत की वस्तुओं को पहुंचाने के लिए पार्सल एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चलाई गई। अब इस सेवा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए पार्सल पैकेटों को डोर टू डोर डिलीवरी देने का प्लान बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही सुविधाएँ :-१. डोर टू डोर सेवा :- इस योजना के तहत भारतीय डाक सेवा के कर्मचारी स्वयं ग्राहक के दरवाजे पर जाकर पार्सल प्राप्त करेंगे एवं गंतव्य पर भी ग्राहक के दरवाजे पर जाकर पार्सल डिलीवर करेंगे। २. सुरक्षित परिवहन :- इस योजना के तहत ग्राहक का पार्सल एक विशेष प्रकार के डिजाइन किये गए बॉक्स में पैक करके ढोया जाएगा जिसके कारण परिवहन के दौरान पार्सल की टूट-फूट नही होगी। ३. त्वरित परिवहनः- इस योजना के तहत पार्सल का परिवहन TIME & TABLE, गाड़ी से किया जायेगा जिससे भारत के किसी भी कोने में पार्सल की डिलीवरी समयबद्ध एवं त्वरित होगी।

४.एक ही केंद्र पर सभी सुविधाः- ग्राहक को बुकिंग एवं डिलीवरी के लिए सिर्फ डाक विभाग के कर्मचारी से ही संपर्क करना होगा जिस के लिए डाक विभाग द्वारा एकत्रीकरण केंद्र की स्थापना की जायेगी।

# यात्री सुविधा समिति के सदस्यों द्वारा इतवारी, भंडारारोड तथा तुमसररोड स्टेशनों का निरीक्षण



साभारः रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा गठित यात्री सुविधा समिति के सदस्य विभाश्वनी अवस्थी, कैलाश वर्मा तथा अभिजीत दास ने दिनांक १० जनवरी २०२३ को इतवारी, भंडारारोड तथा तुमसर स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन स्टेशनों में यात्री सुविधाओं के अंतर्गत प्लेटफार्म, केटरिंग स्टॉल, रिटायरिंग रूम एवं डॉरमेटरी, यात्री प्रतिक्षालय, प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था, प्लेटफार्म में यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा से जुड़े व्यवस्था सहित पूरे स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। स्टेशनों पर उपलब्ध खानपान स्टॉल का निरीक्षण के दौरान यहाँ की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री एवं पानी की बोटल की वैधता तिथि, लाइसेंस की वैधता तिथि आदि की जांच की। प्रतीक्षालय में साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, टायलेट, पानी के नल आदि का निरीक्षण किए तथा यात्रियों से स्टेशन में यात्री सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में चर्चा कर फीडबैक के साथ-साथ सुझाव भी लिए गए। प्लेटफॉर्म की साफ-सफाई, पानी के नल, बैठक व्यवस्था आदि का भी निरीक्षण किये तथा वर्तमान में उपलब्ध यात्री सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की। टिकट घर के काउंटर का निरीक्षण किए तथा टिकट खरीद रहे यात्रियों से भी चर्चा कर उनसे फीडबेक लिए। इस दौरान अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उपस्थित मीडिया के सदस्यो से वार्ता की जिसमें रेलवे द्वारा की जा रही विभिन्न कार्यो की जानकारी दी गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक- ए. के. सूर्यावंशी , वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक रवीश कुमार सिंह अन्य अधिकारी - गण तथा पर्यवेक्षक/ रेल कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये यात्री सुविधा समिति का गठन किया गया है, यह समिति रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं जैसे स्टेशनों एवं गाड़ियों में पर्यावरण अनुकूल साफ सफाई, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था, पूछताछ कार्यालय, जन उद्घोषणा प्रणाली, संकेतक बोर्ड, पर्याप्त प्रकाश, पंखे एवं विद्युत सम्बंधी अन्य व्यवस्था, अन्य यात्री सुविधाएं जैसे शौचालय, बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जा सकें।

# महाप्रबंधक सतीश कुमार ने किया नियंत्रक कक्ष का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मुख्यालय नियंत्रक कक्ष का दिनांक ११.०१.२०२३ को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोहरे के दौरान नियंत्रण कक्ष में ट्रेन परिचालन की नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग संबंधी कार्य प्रणाली का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने इस दौरान कंट्रोल के विस्तार कर उसे आधुनिक मॉड्यूलर कंट्रोल के रूप में विकसित करने के संबंध में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, किसी आपात स्थिति में बेहतर नियंत्रण और समन्वय के बिंदुओं को ध्यान रख कर ही इसे विकसित किया जाए। इसी क्रम में नियंत्रण कक्ष को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की बात भी उन्होंने कही। इस दौरान उनके साथ प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक बिप्लव कुमार सहित अन्य अन्य प्रधान विभागाध्यक्ष एवं परिचालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
जार्ज इलियट


# यार्ड में संरक्षा के पहलुओं का विशेष ध्यान रखना आवश्यक-महाप्रबन्धक सतीश कुमार




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में संरक्षा/समयपालन समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। दिनांक १०.०१.२०२३ को बैठक के दौरान महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०६ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में अवतार सिंह, ट्रैकमैन-I/तालबेहट/झांसी मण्डल, अनुज पटेल, ट्रैकमैन-IV/माताटीला/झांसी मण्डल, केदार सिंह चाहर, एस.एस.ई./पी.वे./फतेहपुर सीकरी/आगरा मण्डल, राजेन्द्र सिंह, ट्रैकमैन-III मथुरा/आगरा मण्डल, पवन कुमार, ट्रैकमैन-IV मथुरा/आगरा मण्डल एवं लालता प्रसाद, प्वाइण्टसमैन/झिंगुरा/प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। लालता प्रसाद, को माह दिसम्बर, २०२२ के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। इस बैठक के दौरान महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सर्वप्रथम संकेत एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारियों सहित प्रयागराज मंडल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गाजियाबाद-दीनदयाल उपाध्याय जं खंड के भारतीय रेल के सबसे लंबे पूर्णतः स्वचालित सिगनलिंग सेक्शन बनने पर बधाई दी। इस दौरान प्रदान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अधिकारी एम.के. बेउरा ने एक पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे के संकेत एवं दूरसंचार विभाग की उपलब्धियों के विषय में बताया। महाप्रबंधक ने कहा कि, यार्ड में संरक्षा के पहलुओं का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है साथ ही उन्होंने वर्क साइटों पर संरक्षा और सुरक्षा का ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# महाप्रबंधक ने किया उत्तर मध्य रेलवे की नई परिचालन नियमावली का विमोचन




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में ०६.०१.२०२३ को साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन समीक्षा बैठक के दौरान उत्तर मध्य रेलवे की नई परिचालन नियमावली (Operating Manual) का विमोचन किया गया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक, झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियोकॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। इस नई नियमावली में नई तकनीक तथा सूचना प्रोद्योगिकी के परिप्रेक्ष्य में रेल यातायात परिचालन नियमों की विषद व्याख्या की गयी है। इसको जारी करते हुए महाप्रबंधक ने आशा व्यक्त की कि, इस मैनुअल के जारी होने से हमारे रेल कर्मियों को अपने दायित्व निष्पादन में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि, इससे अपनी कार्यप्रणाली को भी सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण कार्यों के साथ-साथ विभिन्न सुरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई।

# ७४वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गया



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज ७४वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड के केशव प्रसाद मौर्य- उप मुख्यमंत्री उ०प्र० सरकार रहे। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गयी तथा पुलिसकर्मियों व उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। मुख्य अतिथि द्वारा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज आकाश कुलहरि व अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल रवि शंकर निम के साथ परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात सहायक पुलिस आयुक्त लाइन चिराग जैन के नेतृत्व में आयोजित परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया। आईपीएस चिराग जैन- सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स रहे परेड कमाण्डर परेड के प्रथम कमाण्डर आई०पी०एस० चिराग जैन-सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स, द्वितीय कमाण्डर सहायक पुलिस आयुक्त वरुण कुमार मिश्र व तृतीय कमाण्डर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस श्रवण कुमार पाण्डेय रहे। परेड में शामिल रही २० टोलियां/दस्ते परेड में क्रमशः निम्न २० टोलियांध्दस्ते सम्मिलित रहे - १.नागरिक पुलिस टोली - नेतृत्व उ०नि० अरविंद कुमार २. कार्यालय टोली - नेतृत्व उ० नि० नीलेश कुमार ३.सीईआर टोली - नेतृत्व उ०नि० अभिनव उपाध्याय ४. पीएसी टोली - नेतृत्व प्लाटून कमांडर उमा शंकर विश्वकर्मा ५. यातायात पुलिस टोली -नेतृत्व उ०नि० देशराज सिंह ६. महिला पुलिस टोली - नेतृत्व उ०नि० विनीता पटेल ७. होमगार्ड टोली - नेतृत्व प्लाटून कमांडर अभिषेक प्रताप सिंह ८. एनसीसी टोली - नेतृत्व दलबीर सिंह भदौरिया ६. सिविल डिफेन्स टोली - नेतृत्व प्लाटून कमांडर सुरेंद्र यादव १०.मोटरसाइकिल दस्ता - नेतृत्व उ०नि० अभिषेक प्रताप सिंह ११. स्वाट टीम - नेतृत्व आरक्षी मंगल मणि वर्मा १२. श्वान दल - नेतृत्व मुख्य आरक्षी राम भजन १३.रेडियो शाखा - नेतृत्व उ०नि० ओम प्रकाश दुबे १४.यूपी ११२ - नेतृत्व उ०नि० सुग्रीव यादव १५. फारेंसिक टीम - नेतृत्व उ०नि० सुरेंद्र यादव १६. जिमनास्टिक टीम - नेतृत्व उ०नि० धीरेंद्र बहादुर सिंह १७. फायर सर्विस मोटर साइकिल दस्ता - नेतृत्व फायरमैन धर्मेद्र कुमार मिश्रा १८. हाई प्रेशर फायर टेंडर दस्ता-नेतृत्व FSO नागेन्द्र द्विवेदी १६. हाइड्रोलिक प्लेटफार्म - नेतृत्व अवध नारायण २०. बैंडटोली - नेतृत्व बैंड मेजर राजेंद्र तिवारी परेड में प्रदर्शन के आधार पर पीएसी की टुकडी को प्रथम स्थान, नागरिक पुलिस की टुकडी को द्वितीय तथा महिला पुलिस की टुकडी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जनपद के वरिष्ठ पुलिस/ प्रशासनिक अधिकारी रहे उपस्थित परेड के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानू भाष्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा, आयुक्त प्रयागराज मण्डल विजय विश्वास पंत, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री सहित पुलिस/प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, के०पी० सिंह- सेवानिवृत्त आई०पी०एस० सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड में शामिल पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन हेतु १० लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किये जाने की घोषणा की गयी। परेड के मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य-उप मुख्यमंत्री उ०प्र० सरकार द्वारा आयोजित भव्य परेड की सराहना करते हुए परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन हेतु १० लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गयी। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया

मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मकसूदउल्लाह को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त नागरिक सुरक्षा संगठन के १६ सदस्यों, सेंटर पीस कमेटी प्रयागराज के २५ सदस्यों, जिला अपराध निरोधक समिति के २० सदस्यों तथा प्रयाग व्यापार मंडल के ३१ सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजभाषा सम्मेलन २०२३ एवं काव्य संध्या आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर के त्तवावधान में दिनांक १० जनवरी, २०२३ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय बिलासपुर में राजभाषा सम्मेलन- २०२३ एवं 'काव्य संध्या' का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में प्रवीण रंजन भारती, प्रबंधक, एनटीपीसी, बिलासपुर ने 'संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली' विषय पर व्याख्यान दिया। भारती ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से समिति के सदस्यों, संपर्क व्यक्तियों, निरीक्षण प्रश्नावली, संभावित प्रश्न, नाम पट्ट, वाहन, पावती, कार्यक्रम स्थल का विवरण इत्यादि विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया इसके अलावा उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। इसी क्रम में अगला व्याख्यान फूल सिंह लोधी, वरिष्ठ अनुवादक हिंदी, बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन, बिलासपुर ने 'वॉइस डिक्टेशन एवं स्पीच टेक्सटर का प्रयोग' विषय पर दिया। उन्होंने कार्यालयों में टंकण कार्य को सरल बनाने हेतु प्रतिभागियों को गूगल पर ऑनलाइन व इस डिक्टेशन सुविधा का प्रयोग करते हुए वर्ड फाइल पर टाईपिंग करने के तरीके का प्रदर्शन किया एवं माइक्रोफोन पर डिक्टेशन तथा स्पीच टेक्सटर ऑपशन का प्रयोग करना सिखाया नराकास बिलासपुर के विभिन्न सदस्य कार्यालयों के ४० से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने इस व्याख्यान में भाग लिया और इस अवसर पर साझा किए गए विषयों से लाभान्वित हुए। राजभाषा व्याख्यान कार्यक्रम के पश्चात लघु 'काव्य संध्या' आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि भवानी शंकर नाथ, उप महानिरीक्षक एवं मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, विशिष्ट अतिथि साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, हरिराम, मुख्य विद्युत इंजीनियर (ईईएम) एवं विशेष अतिथि संतोष कुमार, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, बिलासपुर रहे। वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह, ने साहित्यिक रचना क्षेत्र में निरंतर योगदान देने, राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार एवं प्रगति हेतु कार्य करने तथा राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु प्रदान किये जाने वाले अनवरत सहयोग के लिए समारोह में उपस्थित अतिथियों, कविगणों, नराकास, बिलासपुर एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय बिलासपुर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। 'काव्य संध्या का संचालन राकेश कुमार श्रीवास 'पथिक' ने किया।

## बरेका महाप्रबंधक अंजली गोयल बनी सदस्य वित्त रेलवे बोर्ड व पदेन सचिव,भारत सरकार



रे.स.ब्यू./सूत्रः सुश्री अंजली गोयल सदस्य वित्त, रेलवे बोर्ड व पदेन सचिव,भारत सरकार बनी। इसके पूर्व वह बनारस रेल इंजन कारखाना में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थी। सुश्री अंजली गोयल ने १९८५ बैच की भारतीय रेल लेखा सेवा (आई आर ए एस) के अधिकारी के रूप में रेल सेवा की शुरुआत की लेडी श्री राम कॉलेज दिल्ली से अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद दिल्ली में स्कूल ऑफ इकनोमिक से मास्टर डिग्री प्राप्त की है। इसके पूर्व रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में प्रधान कार्यकारी निदेशक व लेखा, मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर तथा रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक व फाइनेंस बजट तथा कार्यकारी निदेशक फाइनेंस स्थापना सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुकी है। सुश्री अंजली गोयल ने प्रतिनियुक्ति पर नीति आयोग में एडवाइजर व केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण विभाग में डायरेक्टर फाइनेंस के पदों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। सुश्री अंजली गोयल कर्मचारियों व अधिकारियों में अत्यंत ही लोकप्रिय हैं इनकी नियुक्ति से बनारस रेल इंजन कारखाना परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है।

## उत्तर मध्य रेलवे के अधिकारियों ने डीएफसी के न्यू करछना जंक्शन से सुजातपुर स्टेशन का किया निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्रःप्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने डीएफसीसी आईएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएफसीसीआईएल के द्वारा तैयार किए गए सेक्शन न्यू करछना जंक्शन से सुजातपुर स्टेशन तक जिसकी दूरी ६२ किलोमीटर खंड का दिनांक १३.०१.२०२३ को निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने सिविल इंजीनियरिंग कार्यो का निरीक्षण किया एवं विद्युत कार्यो का भी निरीक्षण किया और डीएफसी द्वारा बनाए गए स्टेशनों का भी निरीक्षण किया इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता एवम मुख्य रेल पथ इंजीनियर विनोद बमपाल, एवं मुख्य सिग्नल इंजीनियर प्रशांत कुमार वर्मा, एवं मुख्य बिजली वितरण इंजीनियर अनूप कुमार अग्रवाल एवं डीएफसीसीआईएल के ईडी मुकेश कुमार जैन एवम महाप्रबंधक पश्चिम अनुराग यादव एवम महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल पंकज जायसवाल एवम महाप्रबंधक एसएंटी अर्जुन सिंह तोमर एवम जीएमआर ग्रुप के परियोजना निदेशक राज सिंह टाक, एवं एलएनटी के प्रोजेक्ट मैनेजर ओचई क्रुनाल मुखर्जी एवं केईसी सीमेंस के परियोजना निदेशक अतुल पांडेय एवं प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र तिवारी सिस्ट्रा के कमल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को लेखा विभाग द्वारा लगी प्रदर्शनी



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लेखा विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यो की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में लेखा विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यो की आकर्षक प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि हमारी रेलवे पूरी तरह हिंदी भाषी क्षेत्र में है और हम सब की मातृभाषा हिंदी है, अतरू हमें पूरी कर्तव्यभावना और प्रतिबद्धता के साथ अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए ताकि राजभाषा हिंदी के निरंतर प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में हमारी रेलवे अग्रणी भूमिका निभाकर और सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन कर नई उपलब्धियाँ हासिल कर सके। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने लेखा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की और विभाग के कर्मचारियों के लिए दस हजार रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार लेखा विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान वित्त सलाहकार योगेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा हिंदी में किए जाने वाले कार्यो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, सचिव/ महाप्रबंधक अजय सिंह, विसमुलेधि / वित्त एवं बजट हमीम अहमद, विसमुलेधि / डब्ल्यूएसटी आदित्य जोशी, विसमुलेधि/ निर्माण चंदन वर्मा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा उप विसमुलेधि सामान्य गरिमा त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजभाषा तथा लेखा विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# ७४वें गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी ने संविधान के संकल्प व सड़क सुरक्षा की दिलायी शपथ



साभारः जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने ७४वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डा फहराया।

इस अवसर पर सभी लोगो को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को संविधान के संकल्प व सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने संगम सभागार में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पुष्प एवं शॉल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है।

एक अच्छी शासन व्यवस्था के लिए आवश्यक सभी बातों को हमने सविधान में शामिल किया है। हमारे संविधान की मुख्य विशेषता मूलाधिकार है, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है और कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा व परिश्रम से कोई भी पद प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता व देश प्रेम की भावना के बदौलत ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे है कि कोविड वैक्सीनेशन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो कि हम सबके सहयोग के बिना सम्भव नहीं है।

इसे और तेज गति से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। हमें जो परोपकार, दया, साहस, वीरता जैसे मूल्य विरासत में मिले है, उन्हें बनाये रखना तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम नजूल प्रदीप यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा प्रसाद, एडीएम सिटी मदन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> जार्ज इलियट

# केन्द्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे में लिफ्ट का हुआ शुभारम्भ



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार और अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन रूबी रानी सिंह द्वारा बहिरोग विभाग में एक वरिष्ठ नागरिक प्रतीक्षा कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अंतः रोग विभाग में एक लिफ्ट का भी शुभारम्भ किया गया। इस दौरान अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन रूबी रानी सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं उपहार वितरित किए गए।इस मौके पर प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा. जगदेव रावत, चिकित्सा निदेशक डा. एस के. हांडू व सभी विभागाध्यक्ष व मंडल रेल प्रबन्धक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

> हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
> डॉ जाकिर हुसैन

